गतिविधि 11. *बच्चे नीचे दिए गए चित्र में 6 अन्तर खोज कर गोला लगाएँ।*



वर्कशीट निर्माणकर्ता –

1- *श्रीमती रेनू जोशी*
2- *श्री विक्रम सिंह पिलखवाल*
3- *कैलाश चन्द्र पाठक*
4- *गरिमा मरनाल*

विकास खंड – बागेश्वर

तकनीकी सहयोग
–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

कक्षा– 2, वर्क शीट–1 (साप्ताहिक)

पाठ– 1 (ऊँट चला)

बच्चे का नाम.........................	स्कूल...
अभिभावक का नाम..................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. *बच्चों के साथ आप आस पास दिखने वाले जानवरों पर बात करेंगे, फिर उन्हें यह चित्र दिखाते हुए उनसे इस पर खूब सारी बातचीत करें जैसे – चित्र में क्या क्या दिख रहा है? यह कहाँ का चित्र होगा? चित्र में आपको कौन सा जानवर दिख रहा है? दूसरे जानवरों से ऊँट कैसे अलग है? ज़रा ऊँट की ऊँचाई देखो तुम्हें क्या लगता है यह किन किन जानवरों से बड़ा होगा? अच्छा ऐसे कौन से जानवर होंगे जो इसकी टांगों के बीच से निकल जायेंगे? बच्चे ऊँट के ऊपर क्यों बैठे हैं? यह बच्चे इतने ऊँचे ऊँट पर कैसे बैठे होंगे? अगर आपको ऊँट की सवारी करने का मौका मिले तो आप कहाँ जायेंगे? ऊँट की रस्सी पकडे हुए जो आदमी है वो क्यों मुस्कुरा रहा होगा?*

गतिविधि 2. *ऊपर दिये गए चित्र में आपको क्या– क्या दिखाई दे रहा है कोई 5 चीजों के नाम लिखो।*

....

गतिविधि 3. *बच्चे 'ज' वर्ण को पाँच बार लिखें –*

ज

....

गतिविधि 4. *वर्णों को मिलाकर शब्द बनाएँ और खाली बॉक्स में लिखें।*

चाँ + द → [ ]

गाँ + व → [ ]

गतिविधि 5. *बच्चे निम्नलिखित शब्दों में चंद्र बिन्दु लगाएँ।*

	ँ
चाद	चाँद
गाव	
हस	
बास	

गतिविधि 6. *अभिभावक बच्चों को निम्नलिखित शब्दों का अर्थ बताकर वाक्य प्रयोग करें।*

शब्द		अर्थ		वाक्य प्रयोग बालू
रेत	–	बालू	–	सड़क पर बालू का ढेर लगा था ।
ऊँट	–	रेगिस्तान का पशु	–	....
बोझ	–	भार	–	....
करवट	–	एक तरफ	–	....

गतिविधि 7. *अभिभावक नीचे लिखी गई कविता को हाव–भाव से पढ़कर बच्चों को सुनाएँ तथा बच्चों से भी कविता को हाव–भाव से पढ़ने के लिए कहें।*

कविता– ऊँट चला

ऊँट चला भई ऊँट चला हिलता डुलता ऊँट चला।
इतना ऊँचा ऊँट चला, ऊँट चला भई, ऊँट चला।
ऊँची गर्दन ऊँची पीठ, पीठ उठाए ऊँट चला।
बालू है, तो होने दो बोझ ऊँट को ढोने दो।
नहीं फँसेगा बालू में, बालू में भी ऊँट चला।
जब थककर बैठेगा ऊँट किस करवट बैठेगा ऊँट।
बता सकेगा कौन भला ऊँट चला भई, ऊँट चला।

गतिविधि 8. *कविता से प्रश्नोत्तर – अभिभावक बच्चों से नीचे दिए गए प्रश्न पूछें और उन्हें उत्तर लिखने के लिए प्रेरित करें।*

प्रश्न 1– यह कविता किसके बारे में है? उत्तर –..
प्रश्न 2– ऊँट कहाँ आसानी से चल पाता होगा? उत्तर–..
प्रश्न 3– ऊँट के जैसे दिखने वाले और कौन–कौन से जानवर है? उत्तर–..................................
प्रश्न 4– सामान ढोने वाले चार और जानवरों के नाम लिखिए? उत्तर–....................................

गतिविधि 9. *अभिभावक नीचे दिए प्रश्नो को पढ़ते हुए प्रश्नो के सही जवाब पर बच्चों से सही (✓) का निशान लगवाएँ।*

(क) ऊँट कैसे चला चलता है?
(1) तेज–तेज ( ) (2) हिलता–डुलता ( )

(ख) ऊँट की पीठ कैसी है?
(1) ऊँची ( ) (2) समतल ( )

(ग) ऊँट कहाँ नहीं फँसेगा?
(1) झाड़ी ( ) (2) बालू ( )

गतिविधि 10. *अभिभावक नीचे दी गई ग्रिड से बोझ ढोने वाले जानवरों के नाम बच्चों से पूछें और खाली जगह पर लिखवाएँ।*

क	म	हा	थी
घो	ड़ा	झ	र
सा	था	ऊँ	ट
ग	धा	मो	ती
र	ख	च्च	र

हाथी............
....
....
....
....